Ans. (b) : 18 मार्च, 1948 को अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर रियासतों और नीमराणा को मिलाकर मत्स्य संघ का निर्माण कर राजस्थान के एकीकरण का प्रारम्भ हुआ। अलवर को संघ की राजधानी और धौलपुर महाराजा उदयभान सिंह को राजप्रमुख और शोभाराम कुमावत को संघ का प्रधानमंत्री बनाया गया। के.एम. मुंशी के आग्रह पर संघ का नाम मत्स्य संघ रखा गया।

715. ''मत्स्य संघ'' के अन्तर्गत निम्न में से कौन से देशी राज्य सम्मिलित किये गये?

(a) डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, प्रतापगढ़
(b) अलवर, भरतपुर, धौलपुर,करौली
(c) कोटा, बूँदी, झालावाड़
(d) जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (b) **:** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

716. मत्स्य संघ के प्रधानमंत्री थे-

(a) सवाई मानसिंह
(b) भूपाल सिंह
(c) टीकाराम पालीवाल
(d) शोभाराम कुमावत

पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

717. मत्स्य संघ की राजधानी निम्न में से किसे बनाया गया?

(a) अलवर (b) भरतपुर
(c) धौलपुर (d) करौली

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

718. मत्स्य संघ का राज प्रमुख किसे बनाया-

(a) धौलपुर शासक (b) करौली शासक
(c) अलवर शासक (d) भरतपुर शासक

JEN Civil Diploma (Tsp Area) 16.10.2016
हथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

719. मत्स्य-संघ के निर्माण से सम्बद्ध निम्न में से कौन सा कथन असत्य है?

(a) मत्स्य-संघ के निर्माण राजस्थान के एकीकरण का प्रथम चरण था।
(b) 'मत्स्य संघ' नाम के.एम. मुंशी द्वारा दिया गया।
(c) 'मत्स्य संघ' के राजप्रमुख करौली के महाराज थे।
(d) मत्स्य संघ के प्रधानमंत्री शोभाराम कुमावत थे।

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (c) : मत्स्य-संघ के निर्माण (18 मार्च, 1948 ई.) राजस्थान के एकीकरण का प्रथम चरण था। मत्स्य संघ नाम रखने का आग्रह श्री के. एम. मुंशी द्वारा किया गया। महाभारत काल में (अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली) चारों प्रदेश मत्स्य प्रदेश के नाम से विख्यात थे। मत्स्य संघ के राजप्रमुख धौलपुर नरेश उदयभान सिंह थे। मत्स्य संघ के प्रधानमंत्री अलवर प्रजामंडल के प्रमुख नेता श्री शोभाराम कुम्हावत थे।

720. राजस्थान संघ का निर्माण 25 मार्च, 1948 को हुआ। इसमें महाराज प्रमुख किसे बनाया गया था?

(a) धौलपुर के महाराजा (b) करौली के महाराजा
(c) महाराव कोटा (d) सिरोही महाराजा

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020

Ans. (c) – 25 मार्च, 1948 ई. को राजस्थान संघ का निर्माण हुआ जिसमें कोटा नरेश (भीम सिंह द्वितीय) को राज प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया जो महाराव कोटा के नाम से प्रसिद्ध थे तथा श्री गोकुल लाल असावा को मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया। इसके अन्तर्गत-बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, कोटा, टोंक, किशनगढ़ और शाहपुरा आदि शामिल थे। राजस्थान के अन्य समूह एवं एकीकरण की तिथि इस प्रकार है।

संघ/समूह		**एकीकरण तिथि**
मत्स्य संघ	–	18 मार्च 1948
राजस्थान संघ	–	25 मार्च 1948
संयुक्त राज्य राजस्थान	–	18 अप्रैल 1948
वृहत् राजस्थान	–	30 मार्च 1949
संयुक्त राज्य वृहत् राजस्थान	–	15 मई 1949
संयुक्त राजस्थान	–	26 जनवरी 1950
राजस्थान का पुनर्गठन	–	01 नवम्बर 1956

721. आज़ादी के बाद जोधपुर के कौन से शासक अपनी रियासत को एक स्वतंत्र इकाई रखना चाहते थे?

(a) महाराजा हनुवन्त सिंह (b) महाराजा उम्मेद सिंह
(c) महाराजा भीम सिंह (d) महाराजा भूपाल सिंह

कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) – राजस्थान की जोधपुर रियासत को राजा हनुवंत सिंह एक स्वतंत्र इकाई के रूप में रखना चाहते थे। हनुवंत सिंह ने मोहम्मद अली जिन्ना से मिलकर इस संबंध में बहुत प्रयास किया। वी.पी. मेनन के प्रयासों से इन्होंने 10 अगस्त 1947 को विलय पत्र पर हस्ताक्षर किया।

722. राजस्थान की रियासतों के एकीकरण के समय जोधपुर राज्य का महाराजा कौन था?

(a) उम्मेद सिंह (b) हनवन्त सिंह
(c) गज सिंह (d) विजय सिंह

कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) भर्ती परीक्षा-2020
कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018
LDC Exam 12.08.2018

Ans. (b) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या

723. रियासतों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए 'रियासती विभाग' की स्थापना कब की गई-

(a) 4 जनवरी, 1947 ई.
(b) 5 जुलाई, 1947 ई.
(c) 10 अक्टूबर, 1946 ई.
(d) 31 मार्च, 1948 ई.

ईई-एस-2016 (ईंग्ह) -24.12.2016

Ans. (b) – देशी रियासतों से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के लिए 15 जून 1947 को भारत की अंतरिम सरकार ने एक रियासती विभाग के गठन का निर्माण लिया। 5 जुलाई 1947 को सरदार वल्लभ भाई पटेल के नेतृत्व में रियासती विभाग गठित किया गया। इस रियासती विभाग के सलाहकार व सचिव वी.पी. मेनन को नियुक्त किया गया।